राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

राजस्थान सरकार

RSCERT Udaipur

हवामहल

कोरोना समय में बच्चों का झरोखा



28 मई 2022: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 05

ये सारा उजाला सूरज

आज की कविता

जहां जहां नजर जाती है वह सब सूरज की जगहें हैं। सब जगहों पर सूरज की नजर है। चारों दिशाएं, धरती आसमान सब सूरज के घरौंदे हैं। सूरज ने सबको देखा है, पाला है, ऐसे भले सूरज को फिर क्यों देश निकाला है? आइए ये कविता सुनते हैं। सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। एकलव्य



सोना सयानी

आज की कहानी

अपने पापा को लकड़ी की गाड़ी बनाते देख सोना को लगा वह भी आरी चला सकती है और कील ठोंक सकती है, पर पापा अभी उसे ध्यान से देखने का ही काम दे रहे हैं। ध्यान से देखने के कारण सोना ने कुछ ऐसा काम कर दिया कि उसके पापा भी चौंक गए। जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। प्रथम बुक्स

फिर सुख गए हम भी

आज की किताब

वानू और नानू तो मीठू और शेरु के साथ खेल रहे थे । ये अचानक क्या हुआ जो सब भीग गए ? मीठू और शेरु ने तो अपने आपको झाड़कर सूखा लिया पर वानू और नानू तो फिर भी नहीं सूखे। अब क्या करेंगे वो? जानने के लिए आइए पढ़ते हैं ये कहानी। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। रूम टू रीड



एनर्जाइजर

आज की गतिविधि

कुछ गीत ऐसे होते हैं कि उनको सुनते ही आपके सामने पूरा दृश्य उपस्थित हो जाता है। आप उसी के अनुसार अगर हाव भाव और एक्शन करने लगें तो उसका मजा दोगुना हो जाता है। बच्चों और बड़ों दोनों को ही ये गीत बराबरी से लुभाते हैं। आइए सुनते और देखते हैं ऐसा ही एक एक्शन गीत। सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। पराग

गणित से क्यूँ डरना ?

टीचर्स कॉर्नर

गणित का डर एक ऐसा डर है जो स्कूल के दौरान पनपता है और मजबूत होता जाता है। जबकि गणित सीखने की प्रक्रिया बच्चों के संज्ञानात्मक विकास का एक स्वभाविक हिस्सा है । शुरुआत से ही इस विषय से दोस्ती, अपनापन और सहजता बनाई जाने की जरूरत है। प्रस्तुत आलेख में इन्हीं मसलों पर विस्तार से बात की है। आलेख पढ़ने के लिए बॉक्स पर क्लिक करें ।

शिक्षकों के लिए। पाठशाला

पुस्तकों से बच्चों की दोस्ती

हमारा पुस्तकालय

योग्यता इसरानी टोंक जिले में राजकीय विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्होंने छोटे बच्चों को पुस्तकालय से जोड़ने के लिए अपने स्तर पर कुछ प्रयास किये हैं। उनका मानना है कि अगर बहुत शुरुआत से ही पुस्तकों से दोस्ती करा दी जाए तो बच्चे एक अच्छे और गंभीर पाठक बन सकते हैं। उनका ये ब्लॉग पढ़ने के लिए बॉक्स पर क्लिक कीजिए।

शिक्षकों के लिए। RSLPP

#घर में रहें
#आनन्दसेपढ़ें

साथियों, हवामहल का 109 वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोड़िए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।